## अवैध अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद

**शहडोल, देशबन्धु।** पशु तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने के अगले ही दिन अमलाई पुलिस शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त की है। अमलाई पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है।

अमलाई थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा को 24 मार्च को गश्त के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना मिली की एक सफेद रंग की बोलेरो पिक-अप एमपी 20 जी बी 2153 ओपीएम अमलाई के बैम्बू गेट से बरगवां की ओर अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन कर रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अमलाई पुलिस टीम ने भवतारिणी मंदिर के पास कोतमा रोड पर घेराबंदी

कर वाहनों की चेकिंग शुरू की तभी सूचना वाला संदिग्ध वाहन वहां पहुंचा। पुलिस ने वहां को रोककर तलाशी ली तो उक्त पिकअप वाहन में 2 हजार 21 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर मिली। पुलिस के अनुसार इसकी अनुमानित बाजार कीमत करीबन 9 लाख 12 हजार 760 रुपए है। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक सुनील दास पिता फगुनी दास, निवासी अमराडंडी बाजार, वार्ड नं. 07, थाना अमलाई,



जिला शहडोल को मौके पर ही हिरासत में लिया गया, जबकि एक अन्य आरोपी सुनील सिंह निवासी अमलाई रेल्वे स्टेशन के पास, थाना अमलाई, शहडोल, अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। साथ ही परिवहन में पिकअप प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में

में आरोपी सुनील दास ने खुलासा किया कि यह अवैध शराब अमलाई निवासी सुनील सिंह द्वारा शहडोल से लोड करवाई गई थी। पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशन में उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई के नेतृत्व में निरीक्षक जयप्रकाश नारायण शर्मा, सउनि. दीपक तिवारी, अजमेर सिंह, प्रधान आरक्षक गणेश पाण्डेय, दशरथ प्रजापति, राकेश सिंह, नारेन्द्र सिंह, आरक्षक गुलाब सिंह और आत्माराम महोबिया की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। अमलाई थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नशा और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## नौरोजाबाद में पीटने के बाद जलाया पत्नी को, 50 प्रतिशत झुलसी

**उमरिया, देशबन्धु।** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जहां सरकारें सख्त कानून बना रही हैं, वहीं जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आती है। ताजा मामला नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम हड़हा का है। यहां घरेलू हिंसा की एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के निवासी बिन्नू बैगा ने अपनी ही पत्नी बिसरती बैगा को पहले बेरहमी से पीटा और फिर उसे जलाने की कोशिश की।

घटना बीती रात की है, जब आरोपी पति शराब के नशे में धुत होकर घर आया और किसी बात पर पत्नी से झगड़ने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उसने पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। पीड़िता लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी, लेकिन आरोपी का गुस्सा फिर भी शांत नहीं हुआ। उसने खेत में रखी चने की फसल पर घायल पत्नी को डालकर आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

गांववालों के मुताबिक महिला की चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे आग से बाहर निकाला। इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से झुलसी महिला को जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने बताया कि महिला 50 प्रतिशत से अधिक जल चुकी है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, पीड़िता के बड़े बेटे रमेश बैगा ने बताया कि उनकी मां की हालत में कोई खास सुधार नहीं है और वे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही हैं।

इस घटना में एक गंभीर पहलू यह भी है कि आरोपी पति शाम से ही पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था, लेकिन किसी भी ग्रामीण ने उसे रोकने की हिम्मत नहीं दिखाई। महिला बुरी तरह जल गई, तब जाकर लोग इकट्ठा हुए और उसे अस्पताल भेजा गया। यह समाज की उस मानसिकता को दर्शाता है जहां घरेलू हिंसा को निजी मामला समझकर अनदेखा कर दिया जाता है।

घटना की सूचना मिलने के बाद नौरोजाबाद थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है। संबंधित अधिकारियों ने पीड़िता का बयान भी दर्ज कर लिया है।

### सार-समाचार



## रेलवे डॉक्टर की मनमानी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

**शहडोल, देशबन्धु।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ शाखा शहडोल द्वारा उप मंडलीय रेलवे चिकित्सालय शहडोल के समक्ष धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में शहडोल उप मंडलीय चिकित्सालय के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों को लगातार सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रताड़ित करने, उनकी समस्याओं को ना समझना के विरोध में धरना दिया गया और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। सभी कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपने साथ बीती हुई घटना का विवरण दिया और अपने रोष को व्यक्त किया।

### इन बातों से परेशान है रेल कर्मचारी

कर्मचारियों की बात को ना सुनना, हिंदी भाषा को ना समझ पाना, अगर कर्मचारी चिकित्सक की बात नहीं समझ पा रहा है तो उसे आरपीएफ बुलाकर जेल में डालने की धमकी देना, कर्मचारियों को आरएमसी ना देना, सर दर्द में भी बिलासपुर रेफर करने की धमकी देना, रात में भी तबीयत खराब होने पर चिकित्सालय में आने के लिए बाध्य करना, चिकित्सालय में हमेशा दवाइयां की कमी रहना और शहडोल के टाइअप प्राइवेट हॉस्पिटल में कर्मचारियों से एक्स्ट्रा कैश की मांग करना जैसी कई सारी समस्याओं को लेकर कर्मचारियों ने आज धरना प्रदर्शन चिकित्सालय के सामने किया और उसके बाद सभी कर्मचारी एकत्रित होकर सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी से जाकर मिले और उनके समक्ष भी इन सभी समस्याओं को बताते हुए ऊपर के अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि कृपया शीघ्र इन समस्याओं को दूर किया जाए। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ शाखा शहडोल द्वारा आयोजित इस कर्मचारियों में शहडोल के सभी कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

## युवाओं को खेल संरचना व प्रशिक्षण केंद्रों का कराया भ्रमण

**शहडोल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल के प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान के मार्गदर्शन व निर्देशन में खेलो बढ़ो अभियान योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में युवाओं को खेल संरचना व प्रशिक्षण केंद्रों का विजिट कराया गया। जिसमें 200 युवाओं ने खेलों से जुड़े हुए जानकारी व खेल अकादमी की जानकारी प्राप्त की। उक्त कार्यक्रम ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सोहागपुर अजय कुमार सोंधिया, दयानंद सोंधिया, रजनी मेश्राम, सोनू वर्मा, कोमल नामदेव, खेल प्रशिक्षक श्रीदेवी स्वामी, श्रीमती कल्पना अहिरवार और रतन सिंह ठाकुर के द्वारा आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रथम चरण के अंतर्गत युवाओं का विजिट खेल उपकरण खेल मैदान युवाओं का सेमिनार एवं अभिभावकों से संवाद खेल प्रशिक्षक से संवाद खेल से जुड़े सभी युवाओं एवं जो युवा खेल से दूर हैं उनका खेल से जोड़ने के लिए जागरूक करना आदि कार्यक्रम सम्मिलित हैं यह अभियान चार चरणों में आयोजित किया गया है।

## दो सौ यात्रियों का दल तैयार, 26 को उमरिया से रवाना होगी ट्रेन, वाराणसी और अयोध्या में करेंगे दर्शन

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 200 तीर्थ यात्रियों का विशेष दल वाराणसी, काशी और अयोध्या की यात्रा के लिए जाएगा। डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले ने बताया कि ट्रेन 26 मार्च को रात 8ः30 बजे उमरिया रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यवस्था की है। जनपद पंचायत मानपुर से कन्हैयादास पनिका और राजेंद्र त्रिपाठी को जिम्मेदारी दी गई है। नगर परिषद मानपुर से प्रभुनाथ पटेल को नियुक्त किया गया है। पाली और नौरोजाबाद क्षेत्र के लिए डीलन सिंह मरावी, कन्हाई कुंवर और भूपेंद्र सिंह पेंड्रो को नियुक्त किया गया है। करकेली क्षेत्र की जिम्मेदारी हरनीत कौर कलसी, शिव भट्ट और प्रखर कस्तवार को सौंपी गई है। बांधवगढ़, उमरिया और चंदिया के लिए संतोष चौधरी, कर्तव्यष अग्रवाल, किशन सिंह और देव कुमार गुप्ता को नियुक्त किया गया है प्रशासन ने सभी यात्रियों को निर्देश दिया है कि वे ट्रेन के प्रस्थान से तीन घंटे पहले स्टेशन पर पहुंचें। यात्रियों को अपने साथ आधार कार्ड, समग्र आईडी और पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है।

## सूने घर में रंजिशन लगा दी आग, सामान राख

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 रेलवे कॉलोनी में एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते एक घर को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक घर में रखा सारा सामान जल गया। पीड़िता भारती पनिका ने मामले की शिकायत पुलिस से कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

भारती पनिका ने बताया कि उनका परिवार रिश्तेदारी में धनपुरी गया था, इस दौरान घर में ताला लगा था। इसी बीच, आरोपी संतोष केवट ने उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाते हुए घर में आग लगा दी।

भारती ने पुलिस को बताया हमारा परिवार धनपुरी में था, ऐसे में सोमवार

### पड़ोसियों ने भागते देखा आरोपी को



रात को आरोपी ने घर में आग लगाई और भागने लगा। लेकिन, पड़ोसियों ने उसे भागते हुए देख लिखा, उन्होंने उसेस पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह बच निकला। इसके बाद पड़ोसियों ने सूचना दी तो हम वापस लौटे। इधर, लोगों की सूचना पर दमकल विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। भारती ने बताया कि घटना में करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि आग लगने से घर में रखा लगभग 2 लाख रुपये का सामान जल गया है। आरोपी संतोष केवट के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पूरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करेगी।

## 30 को एचएलए टाइपिंग शिविर का आयोजन

**शहडोल, देशबन्धु।** दिशा वेलफेयर एसोसिएशन समिति की रुपाली सिंघई और सांझी रसोई ङ्क मीत एक साथी सोशल सर्विसेज समिति की इकाई के रमीत सिंह ने बताया कि संभाग में सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जैसी रक्त संबंधित आनुवंशिक बीमारियां जागरूकता की कमी के कारण समाज में तीव्र गति से फैल रही हैं। जिसका स्थायी समाधान बोन मैरो ट्रांसप्लांट है। इस दिशा में पहला कदम एच एल ए टाइपिंग टेस्ट है, जो यह सुनिश्चित करता है कि क्या भाई-बहन के बीच बोन मैरो प्रत्यारोपण की संभावना है। यदि एच एल ए मैच करता है, तो मरीज का सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट का इलाज किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 30 मार्च दिशा वेलफेयर एवं सांझी रसोई द्वारा एचएलए टाइपिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शिविर में शामिल होने के लिए थैलेसीमिया एवं सिकल सेल से पीड़ित मरीज अपने भाई-बहनों के साथ आएं। आने से पूर्व रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। यह परीक्षण पूरी तरह निःशुल्क है। सभी रिपोर्ट्स योग्य डॉक्टरों द्वारा जांची जाएंगी। योग्य मरीजों को आगे के इलाज हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## उमरिया में शुरू नहीं हुई दलहन-तिलहन की खरीदी

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में मंगलवार से चना, मसूर और सरसों की सरकारी खरीदी शुरू होनी थी, लेकिन प्रचार-प्रसार के अभाव में ना अधिकारी पहुंचे और ना ही किसान। बता दें कि उपार्जन सेवा सहकारी समिति पेंड्रा, भरौला और मानपुर में खरीदी केंद्र बनाए गए हैं।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने खरीदी एजेंसी एनसीसीएफ को केंद्रों पर जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए थे। इनमें उपार्जन मूल्य सूची का प्रदर्शन, तौल कांटे, बारदाना और किसानों के लिए छाया व पेयजल की व्यवस्था करने को कहा गया था, लेकिन कोई व्यवस्था नहीं हुई। उप-संचालक किसान कल्याण संग्राम सिंह मरावी के अनुसार, चना के लिए 555, मसूर के लिए 181 और सरसों के लिए 224 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## नीलगिरी की अवैध लकड़ी सहित वाहन पकड़ा

**शहडोल, देशबन्धु।** वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध लकड़ी बरामद की है।

वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं वन मण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा पन्द्रे के मार्गदर्शन में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार वन परिक्षेत्र शहडोल के बीट अंतरा में वन स्टाफ ने गश्ती के दौरान देखा कि ग्राम बंधवाबड़ा के क्रेशर से घोड़ुई मार्ग पर बंधा के पास कक्ष क्रमांक- आर एफ 781 के अन्दर से नीलगिरी की लकड़ी की अवैध कटाई उपरांत वनक्षेत्र की सीमा पर कृषि फार्म से संबंधित बाड़ा (बारी) (शुक्ला बाड़ा) के अन्दर संग्रहित कर पिकअप क्रमांक- एम पी 18 जी0ए0 4016 में लोड कराया जा रहा था।



वन स्टाफ मौके पर पहॅुचातो वहॉ मौजूद 5-6 मजदूरी जो वाहन में लकड़ी लोड किये थे वन स्टाफ को देखकर मौके से फरार हो गये। वाहन चालक को मौके पर पक?ा गया जिससे पूछताछ करने पर वाहन चालक द्वारा अपना नाम नरेन्द्र गोस्वामी पिता कुंवर गोस्वामी ईटा भट्ठा अमलाई बताया । वाहन चालक के द्वारा लकड़ी के परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। इसके बाद वन विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुये वाहन को लोड लकड़ी सहित जप्त कर काष्ठागार नरसरा डिपो प्रागंण में खड़ा कराया गया।

## ब्यौहारी के सरस्वती स्कूल में तोड़फोड़, रजिस्टर जलाए

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के ब्यौहारी के अखेटपुर स्थित सरस्वती स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने बीती रात तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। इस घटना ने न केवल स्कूल प्रशासन बल्कि पूरे गांव के लोगों को हैरान कर दिया है। बदमाशों ने स्कूल की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हुए रजिस्टर को आग के हवाले कर दिया और कई दरवाजों और पंखों में तोड़फोड़ की।

घटना के बारे में स्कूल के प्राचार्य शिवकुमार पटेल ने कहा कि यह घटना हमारे लिए एक बड़ा सदमा है। स्कूल की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का मकसद समझ से परे है। हम इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करवा चुके हैं और आशा करते हैं कि दोषियों का जल्द पता चल सकेगा।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस



थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि हमने प्राचार्य की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। बदमाशों ने स्कूल के कई दरवाजों के ताले तोड़े और अंदर मौजूद जरूरी कागजातों को भी नुकसान पहुंचाया है। हमारी टीम अपराधियों की तलाश में जुटी है। स्थानीय निवासियों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है।

गांव के एक निवासी ने कहा कि विद्यालय हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर है। ऐसी घटनाएं न केवल शिक्षा के माहौल को प्रभावित करती हैं, बल्कि बच्चों के भविष्य के प्रति भी खतरा बनती हैं। हम सभी को इस पर एकजुट होकर ध्यान देना होगा।

इस घटना ने न केवल स्कूल के वातावरण को ही प्रभावित नहीं किया, बल्कि गांव में भी भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। प्रशासन और पुलिस की तरफ से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

## छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में युवा संसद का समापन

**पन्ना,देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय युवा संसद 2025 कार्यक्रम का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष माननीया मीना पांडेय उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी. एस. परमार ने की।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में संपन्न हुआ। समापन सत्र में नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक श्री अरविंद यादव विशेष अतिथि के रूप में एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. पी. मिश्रा, डॉ जे के वर्मा, डॉ मनोरमा गुप्ता शामिल हुए। इस अवसर पर युवा संसद की अध्यक्ष साक्षी भट्ट ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर प्रकाश डाला।

एक चुनाव विषय पर विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने इस विषय पर सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों को रेखांकित करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने के विभिन्न दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष आदरणीय मीना पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा संसद जैसे कार्यक्रम युवाओं में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने और जनहित के मुद्दों पर विचार करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

## करगिल के वीर योद्धा का तिलक वंदन कर किया स्वागत

**शहडोल, देशबन्धु।** भारतीय सेना नासिक (महाराष्ट) के लांस नायक दीपचंद जी(जिन्होंने कारगिल युद्ध में दोनों पैर और एक हांथ गवांए हैं) का गत दिवस डीएवी पब्लिक स्कूल बुढार में आगमन हुआ। यहां प्रतिष्ठितजनो की उपस्थिति में वंदे मातरम, जयहिंद के नारों के उद्घघोष के साथ तिलक वंदन व पुष्पहार से कारगिल वीर योद्धा लांस नायक दीपचंद जी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर लांस नायक दीपचंद ने कहा कि भारत अनेकता में एकता की मिसाल है और राष्ट सेवा में सैनिकों का अविस्मरणीय योगदान है। लांस नायक दीपचंद ने कहा कि शहीद? सैनिको एवं उनके परिवार का समाज द्वारा या सरकार द्वारा सम्मान व संरक्षण होना आवश्यक है, जो अभी हो रहा है पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। उन्होंने बताया कि कारगिल युद्ध में मैं घायल अवस्था में भी बंदूक चलाता रहा और भारत माता की रक्षा के लिए



अपने शरीर के अंगों का बलिदान किया।

51 हजार रुपए किए भेंट

डीएवी स्कूल के अध्यक्ष छोटेलाल सरावगी ने लांस नायक दीपचंद जी का स्वागत करते हुए कहा कि हमें गर्व है ऐसे कारगिल योद्धा पर जिनके विचारों में देश प्रेम की भावना समाहित है और देश की एकता व अखंडता के प्रति अपार आस्था है। श्री सरावगी ने शहडोल संभाग में सैनिक स्कूल की परिकल्पना को साकार किए जाने की आकांक्षा व्यक्त की जिससे सैनिक स्कूल की स्थापना हो सके।

## सबेरिया कार्यालय अधीक्षक के घर-आफिस पर छापा

**नौरोजाबाद, देशबन्धु।** एसईसीएल जोहिला एरिया के नौरोजाबाद सबेरिया आफिस मे कार्यालय अधीक्षक (ओ एस ) के पद पर पदस्थ उमा शंकर तिवारी के घर और आफिस सी बी आई जबलपुर की टीम के द्वारा छापा मारा , सूत्रों की माने तो एस ई सी एल के सेवानिवृत्ति किसी कर्मचारी के द्वारा अपने पी एफ फंड मे हुई अनियमितता को लेकर सी बाई आई कार्यालय जबलपुर मे नौरोजाबाद सबेरिया आफिस मे पदस्थ कार्यालय अधीक्षक की शिकायत की गई थी।



उसी शिकायत के आधार पर सी बी आई जबलपुर के द्वारा सोमवार को लगभग 2 बजे दोपहर मे कार्यालय अधीक्षक के आवास क्र32 पहुंचकर मामले से जुड़े आवश्यक दस्तावेज

खंघालने मे जुट गई, सी बी आई यह कार्यवाही लगभग 4घंटे तक चली, आवास में कार्रवाई करने के पश्चात सीबीआई की टीम कार्यालय अधीक्षक के ऑफिस मे लगभग 6.30 बजे पहुंची और यहाँ पर भी उनके द्वारा मामले से जुड़े आवश्यक दस्तावेज खांघाले गए।

सी बी आई जबलपुर के द्वारा कार्यवाही के उपरांत नौरोजाबाद सबेरिया आफिस के कार्यालय अधीक्षक (ओ एस ) को अपने साथ जबलपुर ले जाया गया है खबर यह भी है की सीएमपीएफ कमिश्नर जबलपुर को भी सी बी आई ने तलब किया है।